# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 37** **जुलाई-सितंबर 2023**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**श्री रूपम कपूर**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री दयानंदन टी.**

**अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**


**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**


**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

## हिंदी कार्यशाला

**दिनांक 07.09.2023 और दिनांक 08.09.2023 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के <u>समूचे कर्नाटक</u> में कार्यरत संवर्ग 'क' अधिकारियों के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा <u>ऑनलाइन</u> के माध्यम से <u>हिंदी कार्यशाला</u> का आयोजन किया गया । पूर्वाह्न के दोनों सत्र में एन.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ.पी.एस.आर. मूर्ति ने "*राजभाषा नीति*" पर प्रकाश डाला तथा अपराह्न के दोनों सत्र में राजभाषा विभाग के सेवानिवृत्त उप निदेशक (राजभाषा) श्री कोमल सिंह चौधरी ने "*टिप्पण एवं आलेखन*" पर व्याख्यान दिया।**





# हिंदी दिवस 2023

## केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में आयोजित राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी दिवस/पखवाड़ा समापन समारोह पर एक रिपोर्ट

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसरण में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के कनार्टक में स्थित सभी आयुक्तालयों के लिए दिनांक 05.10.2023 के अपराह्न 03:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया । तदुपरांत 04:00 बजे से 05:00 बजे तक हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह संयुक्त रूप से मनाया गया था । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त सुश्री वी. उषा एवं विशेष अतिथि डॉ. सविता मिश्रा मागधी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु की वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती पद्मश्री बाबु के प्रार्थना गीता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय के आयुक्त श्री अरविंद माधवन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । तदुपरांत माननीय गृह मंत्री महोदय का संदेश पठन श्री मशहूद उर रहमान फारूकी, अपर आयुक्त, नगर सीमा शुल्क आयुक्तालय, बेंगलूरु द्वारा किया गया । राजभाषा सम्मेलन के हिस्से की रूप में सुप्रसिद्ध रचनाकार डॉ. सविता मिश्रा मागधी ने अपना विशेष अतिथि भाषण में हिंदी भाषा का ऐतिहासिक और वर्तमान महत्व एवं राजभाषा हिंदी के बारे में विस्तृत जानकारी दी । राजभाषा सम्मेलन के विविध करोबार के निर्धारिती भी उपस्थत थें ।









आगे, हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के विशेष अंग के रूप में पहले विभागीय अधिकारियों द्वारा **'भूल किसकी'** नाटक व **'कविता पाठ'** कार्यक्रम का मुख्य बिंदु रहा। तत्पश्चात, केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय की वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती पद्मश्री बाबु ने राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत किया । तदुपरांत केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त सुश्री वी. उषा एवं विशेष अतिथि डॉ. सविता मिश्रा के करकमलों से सभी विजेताओं को रोलिंग शील्ड का वितरण किया गया । तत्पश्चात् केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त एवं आयुक्त के करकमलों द्वारा हिंदी प्रतियोगिओं के विजेताओं को प्रमाण पत्रों से नवाज़ा गया ।





आगे, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त सुश्री वी. उषा जी ने अपने भाषण में राजभाषा उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सभी अधिकारियों को अपने दैनंदिन कार्यालयीन कार्य में अत्यधिक प्रयोग के लिए सभी प्रकार के प्रयास करने बताईं । फिर, अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर जी ने उपस्थित दर्शकगण को आशीर्वाद देते हुए नाटक उत्कृष्ट कोटी के बारे में बताएं तथा हिंदी साहित्य के इतिहास के बारे में प्रकाश डाले तथा राजभाषा हिंदी को अपनाने हेतु कहा।

श्री प्रवीण टी. बिदरी, सहायक आयुक्त, केंद्रीय कर, दक्षिण आयुक्तालय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । मंच का संचालन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रह्मण्यम द्वारा किया गया ।









## राजभाषा निरीक्षण

जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही के दौरान केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के निम्नलिखित आयुक्तालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया।

- दिनांक 08.09.2023 से दिनांक 11.09.2023 तक केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय।
- दिनांक 05.09.2023 से दिनांक 08.09.2023 तक केंद्रीय कर, बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय।
- दिनांक 29.08.2023 से दिनांक 30.08.2023 तक केंद्रीय कर, बेलगावी लेखापरीक्षा आयुक्तालय।
- दिनांक 28.08.2023 को केंद्रीय कर, बेलगावी अपील्स आयुक्तालय।
- दिनांक 21.08.2023 से दिनांक 22.08.2023 तक केंद्रीय कर, बेंगलूरु लेखापरीक्षा-II आयुक्तालय।
- दिनांक 17.08.2023 से दिनांक 21.08.2023 तक केंद्रीय कर, मैसूरु लेखापरीक्षा आयुक्तालय।
- दिनांक 17.08.2023 को केंद्रीय कर, मैसूरु अपील्स आयुक्तालय।
- दिनांक 07.08.2023 से दिनांक 11.08.2023 तक केंद्रीय कर, मंगलूरु आयुक्तालय।
- दिनांक 25.07.2023 से दिनांक 26.07.2023 तक केंद्रीय कर, बेंगलूरु लेखापरीक्षा-I आयुक्तालय।
- दिनांक 20.07.2023 से दिनांक 21.07.2023 तक केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय।
- दिनांक 07.07.2023 से दिनांक 10.07.2023 तक केंद्रीय कर, बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय।
- दिनांक 06.07.2023 को केंद्रीय कर, बेंगलूरु अपील्स-II आयुक्तालय।
- दिनांक 06.07.2023 को केंद्रीय कर, बेंगलूरु अपील्स-I आयुक्तालय।

## अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन

दिनांक 14 और 15 सितंबर, 2023 को पुणे में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में इस कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रह्मण्यम एवं कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री अभिषेक गुप्ता को नामित किया गया।

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।
**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**